तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

3 गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



## खबर संक्षेप

### ओव्हरमैन सुब्रत को कोयला मंत्री करेंगे सम्मानित

**कोरबा।** सुब्रत कुमार दाश, ओवरमैन, मानिकपुर खुली खदान, कोरबा क्षेत्र इस बर्ष लगातार दूसरी बार कोयला मंत्री से सम्मानित होने जा रहे। इस वर्ष 7 जनवरी को दिल्ली में आयोजित चिंतन शिविर में दाश को टॉप 20 में 17 नंबर के स्थान पर इक लौता गैर अधिकारी वर्ग से थे, उन्हें सम्मानित किया गया था। इसी तरह में 6 अगस्त को दिल्ली के शास्त्री भवन में आयोजित टॉप 20 आईगॉट कर्मयोगी कार्यक्रम समारोह में सुब्रत कुमार दाश इस बार पूरे कोल मिनिस्ट्री, इंक्लूडिंग कोल इंडिया में एक नंबर पर हैं। उन्होंने लगभग 26 सौ कोर्स किया है, इसीलिए उनको पुनः सम्मानित किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ जिला शाखा कोरबा के पदाधिकारियों द्वारा कटघोरा में संगठन का विस्तार के लिए शनिवार को बैठक आयोजित की गई थी। कटघोरा के वरिष्ठ पेंशनर आरएल भारद्वाज, एचआर निराला को सदस्यता अभियान के लिए अधिकृत कर जिम्मेदारी दी गई। बैठक में आरके शर्मा, अध्यक्ष डीआर सारथी, संरक्षक एवं आरके वर्मा, सचिव तथा एसएस तोमर, कोषाध्यक्ष एवं पाली से तहसील अध्यक्ष बीएल साहू, बीकेसोनी एवं श्री यादव छुरी, नोवल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू

**कोरबा।** पवित्र श्रावण मास में एसईसीएल कॉलोनी क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर के चित्रगुप्त मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन नागरिक संगठन की ओर से किया गया है। शनिवार को सुबह कथा के पहले दिन मंगल कलश यात्रा निकाली गई। काफी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति कलश यात्रा में दर्ज हुई। चित्रगुप्त मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 2 से 8 अगस्त तक किया जा रहा। भागवत आचार्य पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी के द्वारा यहां शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। कथा के पहले दिवस मंगल कलश यात्रा गसजे बाजे के साथ निकाली गई। वरुण पूजन और मंगलकारी गणपति की पूजा अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने भगवान शिव के द्वारा जगत कल्याण के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया और इसके महत्व की जानकारी दी। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन भगवान शिव की कथा शाम 4 से 7 बजे तक चलेगी।

### डीडीएम रोड कोरबा के जयप्रकाश बने अध्यक्ष

**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति डीडीएम रोड की सामान्य बैठक श्रीराम दरबार, डीडीएम स्कूल रोड मंदिर में रखी गयी। इस बैठक में वर्ष 2025-27 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संरक्षक जयसिंह अग्रवाल, केएन सिंह, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, श्रीकांत बुधिया को बनाया गया है। जयप्रकाश अग्रवाल पुनः अध्यक्ष चुने गए हैं। साथ ही सचिव रवि अग्रवाल,सह सचिव विकास अग्रवाल (स्वामी विवेकानंद मार्ग), कोषाध्यक्ष अशोक चावलानी, सह कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल हैं। अध्यक्ष को पूजा समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के लिए तैयारियों पर आवश्यक चर्चा की गई। सचिव रवि अग्रवाल ने बताया कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पंडाल आकर्षक ढंग से बनाया जाएगा। डांडिया-गरबा समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शहरवासियों को आकर्षित करेंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से जयप्रकाश अग्रवाल, गुलशन अरोरा, अशोक चावलानी, गोपाल अग्रवाल आदि शामिल थे।

## कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में दो दिन पहले जन्म हुआ था बेबी एलीफेंट का

# दंतैल हाथी के बाद, बेबी एलीफेंट की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के जंगल में विचरण कर रहे एक मादा हाथी ने बेबी एलीफेंट को जन्म दिया था लेकिन बेबी एलिफेंट पूरी तरह से स्वस्थ नहीं था और अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा था तो एक दिन तक मादा हाथी अपने बेबी एलीफेंट के पास ही खड़ी रही। जब वन विभाग के अफसरों को इसकी सूचना मिली तो

**खास बात**

- वन विभाग व पशु चिकित्सकों की टीम ने बेबी एलीफेंट को बचाने घंटों कीमशक्कत, नहीं बची जान

वन विभाग के अफसर व पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची थी और बेबी एलिफेंट को रेस्क्यू कर सुरक्षित लाया गया था और उसका उपचार भी किया जा रहा था। कई घंटे तक उसका उपचार जारी रहा लेकिन अंततः उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई। मामले में वरिष्ठ अफसरों को अवगत कराते हुए वन विभाग के अफसरों ने मृत बेबी एलीफेंट का अंतिम संस्कार कर दिया है।

मामला कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले पसरखेत रेंज का है। यहां पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि 1 अगस्त को पसरखेत रेंज में एक बेबी एलिफेंट ने नन्हे शावक को जन्म दिया था लेकिन नन्हा शावक अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा था। कई घंटे तक मादा हाथी अपने नन्हें शावक को अपने साथ ले जाने के लिए प्रयास करती रही लेकिन सफलता नहीं मिली।

वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को इसकी सूचना मिली तो वन विभाग के अधिकारी उसे रेस्क्यू करने के लिए मौके पर लगातार प्रयास करते रहे लेकिन हाथियों का झुण्ड बेबी एलीफेंट के आसपास ही डेरा डाला रहा जिसके चलते उसे पहले दिन रेस्क्यू नहीं किया जा सका। दूसरे दिन 2 अगस्त को वन विभाग के वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू तो कर लिया और उसे वन विभाग के कार्यालय में लाया गया। जहां वन विभाग के वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर पशु चिकित्सक डॉ पी के चंदन सहित अन्य चिकित्सकों की टीम व तैमूर पिंगला से पहुंची विशेषज्ञों की टीम द्वारा बेबी एलीफेंट का इलाज किया जा रहा था लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अफसरों ने उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन उसकी मौत से विभाग में सन्नाटा पसरा हुआ है और वव विभाग के अफसरों की उपस्थिति में मृत बेबी एलीफेंट का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



मृत बेबी एलीफेंट का शव।



मृत बेबी एलीफेंट का कफन दफन करते हुए।

### लगातार हाथियों की मौत से विभाग है चिंता में

एक सप्ताह के भीतर कोरबा वनमंडल में दो हाथियों की मौत हो गई है। जहां कुदमुरा रेंज में करंट लगने से एक दंतैल हाथी की मौत को लोग अभी भूल भी नहीं पाए थे कि उसके ठीक 3 दिन बाद फिर से एक बेबी एलीफेंट की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर और कोरबा वनमंडल में दो हाथियों की मौत से वन विभाग के अफसरों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही हैं। हालांकि यह नन्हा शावक पूरी तरह से स्वस्थ नहीं था। बताया जाता है कि वह पूरी तरह से मेच्योर नहीं हो पाया था और खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। वन विभाग के अफसरों ने उसे बचाने के लिए भरपूर प्रयास किया लेकिन उन्होंने सफलता नहीं मिली और अंततः उसकी मौत हो गई।

### ड्रोन कैमरे से निगरानी कर किया गया रेस्क्यू

बेबी एलीफेंट के बीमार होने की सूचना पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा सह उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा मौके पर पहुंचे। निरीक्षण करने पर यह पाया गया कि नवजात हाथी नर शावक स्वास्थ्यगत कुछ कमजोर है, लगातार प्रयत्नों के बाद भी वह उठ नहीं पा रहा है। आपात चिकित्सकीय देखरेख की आवश्यकता महसूस होने पर डॉ. पी. के चन्दन सह टीम एवं मोबाईल पशु चिकित्सा यूनिट मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय हाथी मित्र दल, परिक्षेत्र के स्थानीय प्रभारी वनकर्मियों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति बगधरीडांड के द्वारा थर्मल ड्रोन का उपयोग करते हुये लगभग दोपकर 2 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन आरंभ किया गया। मादा हथिनी को कुछ दूर तक सुरक्षित हटाने का प्रयास करते हुये नवजात शावक के स्वास्थ्य परीक्षण की कोशिश दो घंटे तक लगातार किया गया, किन्तु मादा हथिनी नर शावक को छोड़कर टस से मस नहीं हुई एवं रेस्क्यू टीम के लिये निरंतर आक्रामक बनी रही। जहां दूसरे दिन रविवार को बेबी एलीफेंट का रेस्क्यू किया जा सका जिसके बाद उसका इलाज शुरु किया जा सका।

### हाथियों के झुण्ड ने रौंदी फसल

कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज में हाथियों का एक झुण्ड इन दिनों ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट का कारण बना हुआ है। बीते दो दिनों से बांगों जंगल में विचरण कर रहे ये हाथी अब गुरुमुडा, कोड़ा और बांझीबन ग्रामों की ओर बढ़ गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, लगभग पांच हाथियों का यह झुण्ड आसपास के जंगलों में डेरा डाले हुए है और किसानों की खड़ी फसलों को भारी क्षति पहुंचा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हाथी रात्रि में गांवों के समीप आकर खेतों को रौंद रहे हैं, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो रही हैं। किसानों के समक्ष उनकी वर्षभर की मेहनत और आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है। गांवों में भय का वातावरण इस हद तक व्याप्त है कि लोग रात्रि भर जागकर अपने खेतों और घरों की रखवाली करने को विवश हैं। किसानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी खड़ी फसलें हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाथी प्रतिदिन रात्रि के समय खेतों में घुसकर धान की फसल को नष्ट कर रहे हैं, जिससे उनकी वर्षभर की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका है।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा सांसद मद से मिली एंबुलेंस का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद मद से ग्रामीण अंचल के स्वास्थ्य केंद्रों के लिए उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस सुविधा का मुद्दा जिला पंचायत में शुक्रवार को हुई

**खास बातें**

- ग्रामीण अंचलों में मरीजों को लाने वाहनों का टोटा
- सदस्यों ने कहा है विभाग की एबुलेंस

सामान्य सभा के बैठक में उठा। सदस्यों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि बीमार ग्रामीणों को लाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं है और निजी वाहनों से ग्रामीणों को लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों अंचल में चल रही संक्रामक बीमारियों के दौर को लेकर सामान्य सभा में चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह की अनुमति से विभागीय एजेंडों के अलावा अन्य मुद्दे चर्चा के लिए रखे गए। जिसमें प्रमुख मुद्दा जिले के वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का उठा। बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा ने इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर काम किये जा रहे सांसद की ओर से लगभग 10 एंबुलेंस जिले के स्वास्थ्य विभाग को दिया गया है। पिछले कार्यकाल के दौरान दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एंबुलेंस सुविधाएं दी गई है किंतु इन एंबुलेंस की सुविधा ग्रामीणों को मिलने के बजाए स्वास्थ्य विभाग की दवाईयों को लाने ले जाने में इनका उपयोग किया जा रहा है।वहीं कुछ चिकित्सक अधिकारी बैठकों में जाने के लिए इन गाड़ियों का उपयोग कर रहे हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित प्रभारी सीएचएमओ से जब जानकारी ली गई तो उन्होंने इस पर अनभिज्ञता जताई। इसी तरह गोड़वाना के विद्वान सिंह मरावी ने मोरगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद एंबुलेंस चालक के द्वारा मरीजों के परिजनों से एंबुलेंस सुविधा से पेट्रोल का खर्च मांगे जाने का जब मुद्दा उठाया गया तो प्रभारी सीएचएमओ ने कहा कि मोरगा पीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई एंबुलेंस नहीं दी गई है। जिला पंचायत सदस्यों ने स्वास्थ्य शिविर को लेकर भी बैठक में चर्चा की। कृषि विभाग के खाद बीज की व्यवस्था पर सिरमिना सहकारी समिति में किसानों को खाद नहीं मिलने और गैर किसानों को खाद दिए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। इस मुद्दे पर उप संचालक कृषि ने कहा कि विभाग तक यह जानकारी सामने आयी है और इसकी जांच कराई जा रही है।




### रेनकोट पहनकर बैठने की मजबूरी

शिक्षा विभाग के एजेंडे के दौरान स्वमी आत्मानंद पाली के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। जर्जर भवन को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह ने शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्कूल के जर्जर भवन में बारिश के रिसते पानी से बचने के लिए रेनकोट पहनकर बैठने की मजबूरी छात्रों को हो रही है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि जब डीएमएफ से भवन के निर्माण और मरम्मत के लिए राशि जारी की जा रही है तो विभाग इसमें लापरवाही क्यों बरत रहा है। इस मुद्दे को लेकर सहायक आयुक्त श्री कसेर व डीईओ श्री उपाध्याय ने भवन के मरम्मत का काम जारी रहने की बात कही।

# रायपुर के बाद जिले में गुणवत्ताहीन कैल्शियम टैबलेट्स की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजधानी के बाद जिले में भी गुणवत्ताहीन कैल्शियम टैबलेट्स की सप्लाई कर दी गई थी। वेयर हाउस के कर्मियों ने प्रारंभिक जांच में ही कैल्शियम विटामिन डी-3 की खराबी पकड़ ली थी। जिसके बाद तत्काल कर्मियों ने इन टेबलेट्स के

**खास बातें**

- हेल्थ लाईफ फर्म ने वेयर हाउस में की ती 6500 यूनिट कैल्शियम टैबलेट की सप्लाई
- सीजीएमएससी क्वालिटी कंट्रोल ने हेल्थ लाईफ फर्म को सेंपल व स्पीष्टीकरण का दिया निर्देश

बाहर निकलने पर ही टूटने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों सहित सीजीएमएससी के क्वालिटी कंट्रोल विभाग और मुख्यालय को दी। सूचना मिलते ही इन टैबलेट्स के बैच को तत्काल ब्लॉक कर दिया गया। यही वजह है कि कैल्शियम विटामिन डी 3 टैबलेट्स को किसी भी मरीज को नहीं दिया गया है, न ही इन टैबलेट्स को किसी अस्पताल में भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि सीजीएमएससी रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार कैल्शियम विटामिन डी 3 की 500 मिली ग्राम की टैबलेट हेल्थ लाईफ फर्म लिमिटेड द्वारा वेयर हाउस में सप्लाई की गई थी। कुल 65 बॉक्सों में 65 सौ यूनिट की यह खेप जिले के वेयर हाऊस को प्राप्त हुई थी। टेबलेट्स के प्राप्त होते ही वेयर हाऊस में ही कर्मियों द्वारा इसका प्रारंभिक परीक्षण किया गया था। परीक्षण में पाया गया था कि टेबलेटस स्ट्रिप्स से बाहर निकालते ही टूट रही हैं। कर्मियों ने इसकी सूचना तत्काल सीजीएमएससी के क्वालिटी कंट्रोल विभाग को दी, जिसके बाद तत्काल इन गुणवत्ताहीन टैबलेट्स के पूरे बैच को ब्लॉक कर दिया गया। इस खेप का अभी तक कोई मटेरियल प्राप्ति प्रमाण पत्र तैयार नहीं किया गया है। सीजीएमएससी की नीति के अनुसार कोई भी दवा बिना मटेरियल प्राप्ति सर्टिफिकेट के न तो इनवेंटरी में शामिल की जाती है न ही किसी संस्था को वितरित की जाती है। ऐसे में गुणवत्ताहीन कैल्शियम विटामिन डी 3 टेबलेट्स को न किसी मरीज को दिया गया है न ही किसी सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया है। प्रदायकर्ता संस्था हेल्दी लाईफ फर्म प्राईवेट लिमिटेड को उपस्थित होकर सैंपल प्रस्तुत करने और स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रदायकर्ता संस्था को खराब बैच वाली दवाओं को बदलकर नई दवाएं देने के भी निर्देश दिए गए हैं। सप्लायर द्वारा टेंडर शर्तों के अनुसार उचित कार्यवाही नहीं करने पर दण्डात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी भी सीजीएमएससी ने दी हैं। सीजीएमएससी ने प्रदेश वासियों को आश्वस्त किया है कि राज्य में दवा आपूर्ति प्रणाली न केवल सतर्क है, बल्कि गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था भी पूरी तरह से मजबूत है। दवा की सप्लाई होते ही सबसे पहले वेयर हाऊस में ही हर एक बैच का निरीक्षण एवं परीक्षण होता है। सभी दवाओं का परीक्षण एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैबों में कराया जाता है। सीजीएमएससी ने यह भी बताया है कि जनता को केवल गुणवत्तायुक्त प्रमाणित दवाई ही उपलब्ध कराई जाती हैं। गुणवत्ताहीन पाए जाने पर दोषपूर्ण बैच को तुरंत रोककर इसका वितरण प्रतिबंधित किया जाता है। दोषी सप्लायर के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई की जाती है।




## फरार कैदियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित

# पुलिस के 50 अधिकारी, कर्मचारी जुटे फरार कैदियों की तलाश में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल से फरार हुए चार कैदियों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक

**खास बात**

- शनिवार की दोपहर जिला जेल से 4 कैदी हुए थे फरार

के निर्देश पर 8 निरीक्षकों व सब इंस्पेक्टर के साथ कुल 50 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित की गई है जो लगातार फरार कैदियों की सरगर्मी से खोज में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिला जेल में विचाराधीन कैदी शनिवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे जेल की चारदिवारी को फांद कर फरार हो गए थे। जिसके बाद जिला पुलिस की टीम जिले भर में नाकेबंदी कर खोजबीन कर रही थी लेकिन उनका अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने फरार कैदियों की खोजबीन के लिए नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीम गठित की है। जिसमें कुल 8 निरीक्षक व सब इंस्पेक्टर सहित कुल 50 से अधिक पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को व साइबर सेल की टीम को यह टास्क दिया गया है। बताया जाता है नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल, प्रमोद डडसेना, नवीन कुमार, प्रेमलाल साहू, युवराज तिवारी, अभिनवकांत ठाकुर, लक्ष्मण खूंटे व साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी को टीम में शामिल किया गया है इसके अलावा टीम में प्रत्येक निरीक्षक व सब इंस्पेक्टर के साथ 4-4 जवानों को तैनात किया गया है। यह टीम लगातार फरार आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है लेकिन पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की धरपकड़ कर ली जाएगी।

### सूचना देने वाले को 10 हजार का ईनाम

जिला जेल से फरार हुए कैदियों की धरपकड़ के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए 10 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों की धरपकड़ की सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और उसे 10 हजार इनाम भी दिया जाएगा। जिस किसी व्यक्ति को फरार आरोपियों के संबंध में सुराग मिले हुए तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 07759-222483 और सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना के मोबाइल नंबर 7693913611 पर सूचना दे सकते हैं। उनकी सारी सूचनाओं को पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें नगद ईनाम से पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला पुलिस फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हालांकि 24 घंटा बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपियों को कुछ पता नहीं चल पाया है लेकिन अब ईनाम की घोषणा होने के बाद संभावना जताई जा रही है कि फरार आरोपियों का जल्द ही पुलिस को सुराग मिल जाएगा।

### डीजी जेल ने किया निरीक्षण

जिला जेल की दीवार फांदकर चार कैदी फरार हो गए। बिजली गुल होने का फायदा उठाकर बमुश्किल 15 मिनट के भीतर इन चारों कैदियों ने करीब 25 फीट ऊंची दीवार को फांदा और दूसरी तरफ झाड़ियां में कूदकर रफूचक्कर हो गए। घटना के बाद डीजी जेल ने जिला जेल का निरीक्षण किया था।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### वृंदावन जाने निकले वृद्ध की नदी में मिली लाश

**बिलासपुर।** घर से वृंदावन जाने के लिए निकले वृद्ध की नदी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, ग्राम पंधी निवासी रामरतन साहू पिता चोखाराम साहू 72 साल शनिवार को घर में वृंदावन जाने की बात कहकर निकल गए। रविवार की शाम गांव के लोगों ने खारून नदी में वृद्ध की लाश देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर नदी से शव बाहर निकाला तो उनकी पहचान रामरतन साहू के रूप में हुई। पुलिस शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### हंगामाः चखना दुकान का कर्मचारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब दुकान के सामने हंगामा मचाने वाले चखना दुकान के कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया कि शनिवार की रात 10 बजे सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड शराब दुकान के सामने चखना दुकान का कर्मचारी नशे में हंगामा मचा रहा है। पुलिस मौके पर गई तो कर्मचारी भाग गया था। रविवार को दोपहर में फिर सूचना मिली कि उक्त कर्मचारी नशे में शराब दुकान के सामने फिर से हंगामा मचा रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर जाकर उसे हंगामा मचाते हुए पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

### फ्री फायर गेम खेलने निकला बालक लापता

**बिलासपुर।** पिता का मोबाइल लेकर गांव में फ्री फायर गेम खेलने निकला 13 वर्षीय बालक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। तीन दिन बाद भी पुलिस बालक को नहीं खोज पाई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया कि 31 जुलाई को शाम 4 बजे ग्राम भरारी में रहने वाला 13 वर्षीय बालक अपने पिता का मोबाइल लेकर फ्री फायर गेम खेलने के लिए निकल गया। शाम 4 बजे उसे गांव के लोगों ने मोबाइल में गेम खेलते देखा है। उसके बाद वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। शाम 7 बजे तक वह नहीं लौटा तो घर में हड़कंप मच गया। परिजन ने गांव में खोजबीन की पर उसका पता नहीं चला। 1 अगस्त को परिजन ने बालक के गुम होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में जुट गई है। आलम यह है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बालक को खोज नहीं पाई है। इसी तरह बीते शुक्रवार को बिल्हा क्षेत्र से दो छात्राएं लापता हो गई थी। पुलिस दोनों छात्राओं को भी नहीं खोज पाई है।

**प्रकरणों का लंबित न होना बड़ी बात** | जटिल मामलों को सुलझाने में लेबोरेटरी ने निभाई बड़ी भूमिका

# 5 साल में साढ़े 11 हजार सैंपल की जांच, रीजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी का बड़ा योगदान

**बिलासपुर।** परसदा में स्थापित रिजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी ने पांच सालों में साढ़े 11 हजार सैंपलों की जांच व उनकी त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत कर न केवल अपराधियों को सजा, बल्कि पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने में महती भूमिका निभाई है।

लेबोरटरी में स्थापित बायो एवं विष शाखा द्वारा बिसरा, ब्लड सैंपल, हथियारों की जांच एवं पीड़ित व संदेही के कपड़ों की जांच कर हत्या और रेप सहित विभिन्न मामलों की जांच को एक दिशा देकर प्रकरणों को सुलझाने में अपना बड़ा योगदान दिया है।

शहर के एक निजी स्कूल के बाथरुम में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए सोडियम विस्फोट का मामला हो, या सरकंडा में एक श्रमिक की बच्ची के अनाचार का मामला। नवागढ़ में जहर मिली शराब पिलाकर हत्या करने का मामला हो, या फिर अकलतरा में एक ही दिन में जहर देकर 40 गायों को मौत के घाट उतार देने का मामला। इन सभी प्रकरणों में न केवल सैंपलों



की जांच, बल्कि त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत कर मामलों में दोषी व्यक्तियों की पहचान कर सजा दिलवाने में परसदा स्थित रिजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

लेबोरेटरी में सैंपलों की जांच के लिए दो शाखाओं की स्थापना की गई है। इनमें विष शाखा व बायो शाखा शामिल हैं। विष शाखा में चार स्तरों पर काम किया जाता है। इसके अंतर्गत पहले स्तर में जहर मिलाकर शराब पिलाने या किसी भी तरह का जहर खाने व खिलाकर किसी की जान जाने के मामले में जहर के प्रकार की जांच की जाती है। किसी भी तरह के ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल, डीजल, थिनर, मिट्टीतेल एसिड या तेज़ाब से जलकर हताहत होने वालों के सैंपल कैमेस्ट्री विभाग में जांचे जाते हैं। मादक पदार्थों ब्राऊन शुगर, शराब, भांग या गांजा की जांच का जिम्मा नारकोटिक्स शाखा का होता है। इसी तरह किसी भी तरह के बम, बारूद या गोला जैसे विस्फोटक पदार्थों का उपयोग कर किए गए अपराधों का परीक्षण भी लेबोरेटरी की विस्फोटक शाखा द्वारा की जाती है।

वर्ष 2020 से आज दिनांक तक लैब की विष शाखा में 5 हजार 524 सैंपल जांच के लिए आए थे, जिनमें सारे निराकृत किए जा चुके हैं। इसी तरह लैब की बायो शाखा में मर्डर, रेप व डूबकर मरने वालों के सैंपल की जांच कर वास्तविकता का पता लगाया जाता है। बायो शाखा में वर्ष 2020 से अब तक पांच वर्षों में 5 हजार 945 सैंपल प्राप्त हुए हैं, जिनमें सारे प्रकरण निराकृत किए जा चुके हैं।

### डूबकर मरे व्यक्तियों की डायटम जांच अब यहां भी

पानी में डूबकर मरने वालों की डायटम जांच भी अब परसदा स्थित लैब में होने लगी है। इसके अंतर्गत डूबकर मरने वाले स्थान एवं पानी में डूबने वाले मृतक के जांघ की हड्डी में मौजूद डायटम के मिलान व जांच कर इस बात का पता लगाया जाता है कि संबंधित की मौत कहीं और हत्या कर पानी में फेंकने, या फिर वास्तव में डूबने से ही हुई है।

### एसीबी के मामलों में सेम डे रिपोर्ट देने की बाध्यता

एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा रिश्वतखोरों को रंगे हाथों पकड़ने व हाथ धुलवाने के बाद एकत्र किए गए गुलाबी पानी की जांच का जिम्मा भी फोरेंसिक लैब का ही है। कैमिकल के कारण गुलाबी हो चुके पानी की शीशी टूट ना जाए, या उसमें किसी भी तरह की मिलावट या अदला-बदली न हो जाए इसके लिए सैंपल तत्काल लेबोरेटरी में पहुंचा दिए जाते हैं। प्राप्त सैंपल की जांच उसी दिन करते हुए रिपोर्ट भी तत्काल प्रस्तुत करना होगा।

### इंटर्नशिप के लिए विभिन्न राज्यों से आते हैं छात्र

वर्ष 2020 में स्वयं का भवन बनने के बाद इसका संचालन परसदा से किया जाने लगा। वर्तमान में सैंपलों की जांच कर अपनी रिपोर्ट के माध्यम से विभिन्न प्रकरणों को निराकृत करने के अलावा लैब देश के विभिन्न राज्यों से इंटर्नशिप के लिए आए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। स्थानीय विवि के छात्र-छात्राओं के अलावा पोस्टमार्टम से जुड़े डॉक्टर भी यहां आकर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

### संस्थान ने साबित की उपयोगिता

किसी भी अपराध या घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित निराकरण के लिए लैबोरेटरी में जांच हेतु प्राप्त किए गए सैंपलों की जल्द से जल्द एवं सटीक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम आरईएसएल का है। बीते पांच वर्षों में साढ़े 11 हजार सैंपलों की जांच कर निर्धारित समयावधि में रिपोर्ट प्रस्तुत कर संस्थान ने अपनी स्थापना की सार्थकता एवं उपयोगिता साबित की है।

-डा. टीएल चंद्रा, प्रभारी संचालक राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला छग

**आवारा मवेशियों को पकड़ने निगम चला रहा लगातार अभियान**

# 20 दिनों में 3 हादसे, 50 मवेशियों की मौत, लावारिस छोड़ने पर निगम ने कराया एक और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले के खिलाफ नगर निगम ने एफआईआर दर्ज कराया है। निगम ने सिविल लाइन थाने में राजेन्द्र नगर निवासी मवेशी मालिक संतोष यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 978/2025 धारा 291,285 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 3,11,1 आई के तहत अपराध दर्ज कर कराया है।

- मवेशी मालिकों को दी जा रही समझाइश, फिर भी लापरवाही

दरअसल पालतू मवेशियों को लावारिस छोड़ने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और सड़क पर जाम लग रहा है। इससे मवेशियों का जीवन संकट में आ रहा है तो राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए एक बड़ी समस्या है। लगातार समझाइश के बाद भी मवेशी मालिक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। शहर के राजेन्द्र नगर में शिव मंदिर के पास दो गाय और एक बछड़े को सड़क पर छोड़ दिया गया था। मवेशियों को हटाने निकली निगम के जोन क्रमांक 3 की टीम द्वारा आस-पास पूछताछ करने पर पता चला कि यह मवेशी राजेन्द्र नगर निवासी संतोष यादव की है। जिस पर कर्मचारियों ने संतोष यादव से संपर्क किया और कई बार आवाज देने के बावजूद मवेशी मालिक संतोष यादव द्वारा पशुओं को ले जाया नहीं गया। जिसके बाद जोन कमिश्नर के निर्देश पर निगम के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी दिनेश कौशिक ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई और सरकंडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।



सड़क पर मवेशियों का कब्जा।

### गले में जियो टैगिंग लगाने की योजना

29 सितंबर 2024 राज्य सरकार ने बताया था कि मवेशियों को जियो टेगिंग वाला बेल्ट लगाने की योजना है। साथ ही सड़क पर बैठे मवेशियों की धरपकड़ की जा रही है। प्रशासन ने इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी ही लगा दी है। पशुपालन विभाग ने मवेशियों के गले में जियो टेगिंग वाले बेल्ट भी लगाने शुरू कर दिए हैं।

### मौत का सिलसिला नहीं थम रहा

दरअसल, स्टेट और नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। पिछले 20 दिन के भीतर ही 3 तीन हादसों में 50 से अधिक गौवंशों की मौत हो चुकी है। तीन दिन पहले ही बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में हादसा हुआ, जिसमें अज्ञात वाहन ने 16 से अधिक गायों को कुचल दिया, जिससे 15 मवेशियों की जान चली गई।

### की जा रही है कार्रवाई

नगर निगम द्वारा रोजाना मवेशियों को सडकों से पकड़ा जा रहा है,मवेशी मालिक उन्हें छुड़ा कर घर तो ले जाते है पर वापस मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं जिससे मवेशी फिर सड़कों पर दिखने लगते है। गोठान में मवेशी मालिकों को खुलें में ना छोड़ने के लिए बकायदा समझाइश भी दी जा रही है। पशुपालकों से अपील है कि वे अपने गोधन को बाहर ना छोड़ें। पालतू मवेशियों को अपने स्थान पर रख कर चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करें। - **अमित कुमार,** निगम आयुक्त

## काउकेचर के बाद भी अंडरब्रिज में मवेशियों का जमावड़ा

तारबाहर रेल क्रासिंग में बने अंडरब्रिज मवेशियों के कारण पब्लिक को होने वाली परेशानियों को देखते हुए काउकेचर लगाने का काम इतनी धीमी गति से हो रहा है कि मवेशी कहीं से भी अंडरब्रिज के अंदर पहुंच जा रहे हैं। वहीं काम की गति धीमी होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- हजारों लोग हो रहे परेशान

रेल प्रशासन ने 15 जुलाई से तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज में सिरगिट्टी और तारबाहर की ओर काउकेचर लगाने के लिए लोगों की आवाजाही को पूरी तरह से बंद कर दिया है। पहले यह कार्य 26 जुलाई यानि 11 दिन में पूरा करने का टारगेट रखा गया था, लेकिन 11 दिन में केवल तारबाहर की ओर ही गड्ढा करने का काम किया गया। वहीं दूसरी ओर सिरगिट्टी रेल क्रासिंग बाईपास लाइन के पास बेरियर को बंद करने के कारण लोगों को चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पार कर शहर की ओर आना-जाना मजबूरी हो गई। काउकेचर का काम करने का मुख्य उद्देश्य मवेशियों को अंडरब्रिज के अंदर प्रवेश नहीं देने का था, लेकिन इस उद्देश्य में रेल प्रशासन पूरी तरह से फेल हो गया। एक ओर बेरियर लगने और दूसरे ओर केवल गड्ढा खोदाई करने के बाद भी अंडरब्रिज के अंदर मवेशियों का जमावड़ा कम नहीं हो पाया है।

### काम कर रहे केवल तीन मजदूर

तारबाहर से सिरगिट्टी के बीच बने रेल क्रासिंग के अंडरब्रिज बंद रहने के कारण परेशान हो रहे लोगों में काफी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज को 25 दिन तक बंद करते हुए 30 से 40 हजार पब्लिक को परेशान कर केवल तीन मजदूरों से काम कराया जा रहा है।



## एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव



**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने कलेकअर से जल्द ही इस बारे में निर्णय लेने की मांग की है। गौर तलब है कि एयरपोर्ट की कैंटीन 2 महीने से बंद है। एयरपोर्ट के बाहरी हिस्से में कैंटीन और टॉयलेट बनाने की योजना 3 साल से लंबित है। प्रबंधन ने टैक्सी कंपनी का ठेका दिया गया है, लेकिन गाड़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को निजी ऑटो और टैक्सी से आना जाना पड़ता है लेकिन इसे भी एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश नहीं मिलता है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाओं का टोटा है,यात्री की तादात बढ़ रही है लेकिन प्रबंधन की उपेक्षा के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि एयरपोर्ट के प्रभारी अधिकारी कलेक्टर है, जबकि नोडल अधिकारी ननि कमिश्नर को बनाया गया है लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।

- दो माह से बंद है कैंटीन

बताया जा रहा है कि डायमंड होटल द्वारा कैंटीन चलाई जा रही थी, यह दो माह से बंद है। एयरपोर्ट परिसर में कैंटीन और टॉयलेट प्रस्तावित है लेकिन यह अभी तक नहीं बन सका है। टैक्सी का ठेका भी निजी कंपनी को दिया गया है कंपनी अपनी गाड़ियां एयरपोर्ट पर नहीं रखती, वहीं अन्य निजी टैक्सी और ऑटो को एयरपोर्ट के अंदर घुसने तक नहीं दिया जा रहा है। समिति ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा है कि व्यक्तिगत रूप से दखल दें। केवल डिपार्चर हाल के साथ ही मुख्य भवन के बाहर की कैंटीन और टॉयलेट का काम शुरू किया जाए। धरने में अनिल गुलहरे,प्रकाश बहरानी, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास, शिरीष कश्यप, देवेंद्र सिंह ठाकुर,केशव गोरख, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अकील अली व सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## महिला ने पति-पत्नी से मारपीट कर घर में की तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उधार की रकम मांगने आई महिला ने पैसा लौटाते समय मांगने पर पति पत्नी के साथ मारपीट कर घर में जमकर तोड़फोड़ कर दी है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर चंदन अटल आवास निवासी कार ड्राइवर शेख वाहिद पिता शेख फरीद ने बोदरी आवास मोहल्ला में रहने वाली ललिता उर्फ मोनी से 6 माह पूर्व दो लाख रुपए उधार लिया था। 2 अगस्त को सुबह 10.40 बजे ललिता उर्फ मोनी उनके घर आकर पैसा वापस क्यों नहीं कर रहा कहकर हंगामा मचाने लगी। उन्होंने पैसा वापस करने के लिए समय मांगे तो शेख वाहिद, उनकी पत्नी शहनाज बेगम के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का लात से मारपीट की। उसके बाद घर के अंदर रखे टीवी, कांच के सामान, टी टेबल में तोड़फोड़ कर दी है।

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर ललिता उर्फ मोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 324, 4, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सिम्स में 3 दिन से रखी है लाश, दो थानों में फंसा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के मरच्यूरी में पिछले 3 दिनों से एक व्यक्ति की लाश रखी हुई है, जिसके कफन-दफन के लिए दो थानों के बीच मामला फंसने के कारण व्यक्ति के परिजनों की खोजबीन नहीं हो सकी है। मामला सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई। अब सोमवार को परिजन को सौंपने की बात कही जा रही है।

दरअसल सिम्स के एमएम3 में काफी दिनों से एक व्यक्ति का इलाज किया जा रहा था, व्यक्ति काफी कमजोर और अस्वस्थ था। जानकारी के अनुसार जूना बिलासपुर का रहना वाले मोहन भोई को सरकंडा से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गंभीर हालत में सिम्स लाया गया था, कुछ लोगों ने उसे इलाज के लिए भर्ती करा स्वयं ही रफूचक्कर हो गए। इसके बाद सिम्स के डाक्टर और स्टाफ उसका इलाज करते रहे। 1 अगस्त के दोपहर 2.50 मिनट पर उसकी मौत हो गई। नॉन एमएलसी नंबर 418 में मृग कायम किया गया, लेकिन सिम्स और पुलिस के पास परिजनों की जानकारी नहीं थी। सिम्स चौकी से मामले में सरकंडा थाने में मेमो भेजा गया, लेकिन व्यक्ति का पता जूना बिलासपुर होने के कारण सरकंडा थाने द्वारा पतासाजी में लापरवाही की जाती रही, वहीं सिटी कोतवाली से पुछताछ की गई लेकिन वहां के स्टाफ ने भी पल्ला झाड़ लिया। इस दौरान मृत व्यक्ति की लाश 3 दिनों तक मरच्यूरी में रखी रही, जिसके कफन दफन के लिए कोई परिजन अबतक नहीं आया।

रविवार को इस मामले की जानकारी मीडिया को पता चली, जिसके बाद पुलिस भी हरकत में आई और शाम तक मृतक के परिजनों को खोज निकाला गया। बताया जा रहा है कि सोमवार को मृतक के परिजनों को शव की सुपुर्दगी दी जाएगी।

### पीएम को लेकर असमंजस

बताया जा रहा है परिजनों के मिलने के बाद शव का पीएम कराया जा सकता है। दरअसल व्यक्ति को इलाज के लिए कुछ लोगों ने सिम्स में छोड़ा था, इस दौरान उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। परिजनों ने पुलिस के पास आशंका व्यक्त की है। ऐसे में सोमवार को परिजनों की उपस्थिति में पीएम कराया जा सकता है।

### परिजन की जानकारी मिल गई

मामले की जानकारी मिलने पर सरकंडा थाने में मेमो भेजा गया था। अबतक 3 दिन हो चुके हैं। मुंशी से जानकारी लेने पर पता चला है कि परिजनों की पतासाजी हो चुकी है। सोमवार की सुबह उन्हें बुलाया गया है।

\- **गुलाब सोनवाली**
प्रभारी, सिम्स चौकी

**एक माह में आपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता**

## 151 लापता बालक बालिकाओं को पुलिस ने किया बरामद

**बिलासपुर।** पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने पिछने माह लापता हुए 151 बालक बालिकाओं को बरामद किया है।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार पुरे राज्य में जुलाई माह में आपरेशन मुस्कान चलाया गया। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर इस अभियान को गंभीरता से लते हुए जिले में बालक, बालिकाओं के लंबित सभी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा की गई व समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को संवेदनशीलता पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की विवेचना एवं विश्लेषण के बाद खोजकर बरामद करने के निर्देश दिए गए। तकनीकी सहयोग एवं मुखबिर तंत्र को स्ट्रांग किया गया, जिससे कई गुम बालक, बालिकाओं के विभिन्न







राज्यों में होने की जानकारी मिली। सभी थाना प्रभारियों के द्वारा अलग अलग टीम बनाकर महाराष्ट्र, तमिलनायडू, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश पंजाब में पतासाजी कर गुम बालक बालिकाओं को बरामद किया गया है। यह अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलाया गया। इसमें 14 बालक, 137 बालिका सहित कुल 151 गुम बालक, बालिकाओं को बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया गया है। उसके पहले जून माह में 1056 गुम महिला, पुरूषों को खोजकर बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया था। एसएसपी श्री सिंह ने जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, विवेचकों को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### बोतल को नष्ट करने लगी 6 बॉटल क्रशर मशीनें

**बिलासपुर।** पानी के बॉटल को नष्ट करने के लिए रेलवे ने स्टेशन के प्लेटफार्म पर 6 बॉटल क्रशर मशीन लगा दी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कामर्शियल विभाग ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर प्लाटस्टिक कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। 6 मशीनो में तीन नई अत्याधुनिक हैं जो कोका कोला कंपनी के सौजन्य से लगाई गई है। नवीनतम तकनीक से युक्त मशीनों में यात्रियों को रिवार्डस भी दिए जा रहे हैं। इस पहल से बिलासपुर स्टेशन पर प्लास्टिक बोतल का संग्रहण, रिसाइकलिंग और पुनः उपयोग की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन गई है।

## भूविस्थापित महिलाओं का कुसमुंडा जीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन

**कोरबा।** पएससीसीएल की कुसमुंडा खदान से प्रभावित भुवितापित महिलाओं ने रोजगार की मांग को लेकर एक बार फिर मोर्चा खोल दिया। व्यवस्थापित महिलाओं ने कुसमुंडा जीयम कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित महिलाओं ने जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी की मांग को लेकर घंटों धरना प्रदर्शन किया।

- जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी की मांग।
- मांगो को लेकर पहले भी कर चुके उग्र प्रदर्शन

भूविस्थपितो के आंदोलन से कार्यालय में कम काज प्रभावित रहाआखिरकार प्रबंधन और प्रशासन के समझाइश के बाद महिला कार्यालय से बाहर निकली। जिसके बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली। इधर, एसईसीएल के सुरक्षा विभाग ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है, जीसमें कहा गया है कि महिलाओं को अनाधिकृत रूप से कार्यालय में घुसाया गया और काम बढ़ा डाला गया।यह पहला अवसर नहीं है जब प्रभावित महिलाओं ने इस प्रकार से विरोध दर्ज कराते हुए कार्यालय में प्रदर्शन किया। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि प्रभावितों में असंतोष गहरा हो रहा है। आंदोलनकारी की मुख्य मांग है कि जमीन के बदले रोजगार दिया जाए।



## खबर संक्षेप



### संगठन सर्जन अभियान के तहत मंडल कमेटी गठन के लिए बैठक

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में समस्त प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत जमीनी स्तर पर मंडल कमेटियों के गठन के लिए दीपका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई। जिसमें संगठन प्रभारी डॉ.शेख इश्तियाक की मौजूदगी में मंडल कमेटियों के स्वरूप की चर्चा की गई। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से कटघोरा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सांसद प्रतिनिधि पोशक दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तनवीर अहमद, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप सिंह, नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी विशाल शुक्ला, कांग्रेस नेता केदार सिंह, सूरजदास मानिकपुरी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे। उक्त बैठक में संगठन प्रभारी डॉ.शेख इश्तियाक ने संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा करते हुए दीपका क्षेत्र में दो मंडल कमेटी बनाने का सुझाव दिया। जिस पर सांसद प्रतिनिधि पोशक दास महंत ने प्रदेश कांग्रेस के इस निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा करने की जरूरत बताई। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर कांग्रेस नेता तनवीर अहमद, रजनीश तिवारी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला ने भी अपने सारगर्भित उद्बोधन दिया। बैठक में मुख्य रूप से पार्षद इस्तखार अली हर्षित देवी, अंजना जायसवाल, श्रीदेवी नायर डॉ.राजवाड़े, रामकुमार कंवर, तारकेश्वर मिश्रा बालेंद्र सिंह, पार्षद कमलेश जायसवाल, अविनाश यादव, आकाश साहू, खगेश बरेठ, रोशन निर्मलकर, श्रीराम साहू, हरि यादव, कुलदीप तिवारी, सरताज कुरैशी, श्रीमती आशा देवी, श्रीमती मीना थापा, श्रीमती सीतामणी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निहारिका में निःशुल्क औषधीय पौधों का वितरण आज

**कोरबा।** प्राकृतिक सम्पदा को सम्पुष्ट करने, पर्यावरण को संरक्षित एवं संवर्धित करने आयुर्वेद मनीषी आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाते हुए औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका रोड में 4 अगस्त की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 तक किया जाएगा। नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा वितरित किये जाने वाले औषधीय पौधों के प्रयोगविधि के विषय मे जानकारी तथा रोगानुसार उनके अनुपान उपयोग गुण तथा लाभ के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अंचल वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जड़ी बूटी वितरण कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है ।

## निधन

### श्रीमती कमला साहू



**कोरबा।** गिरीश साहू की धर्म पत्नी श्रीमति कमला साहू का निधन 26 जुलाई को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिसमें परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### सतीश पांडेय



**कोरबा।** जिले में पदस्थ रहे और शिक्षा में नवाचार लाने का अभिनव प्रयोग करने वाले पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पांडेय का लंबी बीमारी के बाद उनके गृहग्राम रायगढ़ स्थित पंडरीपानी में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। इस दौरान जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक माह तक मंदिरों में गूंजते रहे भोले का जयकारे

# शिव भक्ति का पर्व सावन का अंतिम सोमवार आज, शिवालयों में रहेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिव भक्ति का पर्व सावन महीने में सोमवार का दिन विशेष रहता है। आम दिनों में सोमवार को ही शिव भक्ति का दिन रहता है और सावन में सोमवार की महत्ता अपने आप बढ़ जाती है। 4 अगस्त को सावन महीने का अंतिम सोमवार है। शिव मंदिरों में शिव का जलाभिषेक करने भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। जिसकी तैयारियां मंदिर प्रबंधन समितियों के द्वारा अपने स्तर पर कर ली गई है।

**खास बात**

- कनकेश्वरधाम से लेकर पाली शिव मंदिर तक लगा भक्तों का मेला

जिले के शहर और ग्रामीण अंचलों के शिवमंदिरों में सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठेंगे। सुबह से भक्तों का तांता मंदिरों में पहुंचने लगेगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान भोलेनाथ जलाभिषेक करने के साथ उनका फूल, माला और चंदन से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शहर के कोसाबाड़ी से लेकर उपनगरीय क्षेत्र प्रगति नगर, एनटीपीसी के शिव मंदिर, निहारिका और बालको में मौजूद सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगेगा। अंतिम सोमवार होने के कारण जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर कनकेश्वरधाम और पाली के एतिहासिक और प्रचीन शिव मंदिर में दूर दराज से भक्त जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता दिखाई दिया। सर्वमंगला मंदिर, सर्वमंगला नगर दुरपा, कपिलेश्वर मंदिर, एमपी नगर शिव मंदिर के अलावा गेवरा, दीपका, कुसमुंडा के मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आएगी। अंतिम सोमवार होने के कारण भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना के साथ खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पूरे सावन महीनेभर श्रद्धालुओं के द्वारा अपने अपने स्तर पर मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया।



सावन महीने में शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़।

**कनकेश्वरधाम के लिए सुबह से चल पड़ेंगे श्रद्धालु**

सावन महीने का सबसे प्रमुख पहलु यह रहा कि कांवड़ियों का जत्था रविवार की रात से घर से कनकेश्वर धाम और पाली मंदिर जाने के लिए निकले कांवड़िये के जत्थे ने सर्वमंगला मंदिर हसदेव तट से जल लेकर 20 किलोमीटर दूर स्थित कनकेश्वर धाम के लिए पदयात्रा शुरू की। कनकेश्वर धाम पहुंच मार्ग श्रद्धालुओं के ओम नमः शिवाय, बोल-बोम और हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा, श्रद्धालु देर रात मंदिर पहुंचे। मंदिर के पट खुलने से पहले ही शिव दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। ब्रह्म मुहूर्त में पट खुलते ही मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारे से गूंजायमान हो उठा।

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा के आकस्मिक निधन पर जिले में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट नगर में अखबार वितरकों और संघ के अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर विनोद सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। इसी के साथ, बालको, जमींपाली, कटघोरा, पाली इकाई के अखबार वितरकों ने भी अपने-अपने स्थान पर संघ के अधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर विनोद सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। पदम सिंह चंदेल प्रदेश संरक्षक विपेन्द कुमार साहू, जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने बताया कि विनोद सिन्हा का निधन अखबार वितरक संघ के लिए एक बड़ी क्षति है।

## बोईदा रासेयो ने गुरु शिष्य परंपरा व्यास पूजा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फोटो_2केआरबी37

हरदीबाजार। बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निदेशक डॉ.अशोक कुमार श्रोती राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.नीता वाजपेयी अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा और जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन के साथ भारतीय शिक्षण मंडल के विशेष अपील में आज गुरु शिष्य परंपरा व्यास पूजा का आयोजन रखा गया। इसके लिए इस पूजा आयोजन को महर्षि वेदव्यास के जन्म जयंती आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा के तारतम्य में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य गुरु शिष्य परंपरा को मजबूत एवं प्रगाढ़ बनाना है। राजेन्द्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्राचीनकाल से ही गुरु शिष्य के बीच अपरंपार संबंध व श्रद्धा दया स्नेह आज्ञाकारिता रहा है, जो वर्तमान समय में आधुनिकता के कारण कमी महसूस किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से गुरु शिष्य के बीच परस्पर संबंध को बनाने के लिए यह आयोजन आवश्यक हैं। जिसमें कुछ प्रमुख गुरु शिष्यों का नाम श्रीराम जी के गुरु वशिष्ठ, कृष्ण संदीपनी, एकलव्य द्रोणाचार्य, चाणक्य चंद्रगुप्त मौर्य, विवेकानंद रामकृष्ण परमहंस, डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम, वामअयर आदि उदाहरण देते हुए समस्त छात्र छात्रों को विस्तार पूर्वक बताते हुए आज के दिन के महत्व व विशेषता को बताया गया।



## बिजनेस न्यूज

### आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञों के नियमित विज़िट से हृदय रोग मरीजों को मिल रही राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू कोरबा हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग कोरबा जिले में हृदय रोगियों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरा है। अस्पताल में अब तक 120 से अधिक सफल एंजियोप्लास्टी और 300 से अधिक एंजियोग्राफी की प्रक्रियाएं की जा चुकी हैं। लगभग 1 हजार से ज्यादा मरीज हृदय रोग से संबंधी जांच भी करा चुके हैं। एक दिन में 5 एंजियोप्लास्टी और 40 से अधिक मरीजों ने अपना जांच कराया। जिले के हृदय रोगियों को इलाज के लिए रायपुर या बिलासपुर की दौड़ नहीं लगानी पड़ती। एनकेएच में स्थापित आधुनिक कैथलैब से जांच और उपचार सुविधाएं, ईसीजी, 2डी -ईको, टीएमटी, होल्टर जैसी सभी आवश्यक जांच एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट की नियमित उपलब्धता, न्यूनतम चीरा लगाकर की जाने वाली सुरक्षित एंजियोप्लास्टी, 24 घण्टे 7 दिन इमरजेंसी हृदय सेवा की विशेषता उपलब्ध है। कार्डियोलॉजी विभाग में मिल रही निरंतर सफलता इसका प्रमाण है। अस्पताल ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे हृदय रोग संबंधी लक्षणों जैसे कि सीने में दर्द, थकान, साँस फूलना आदि को हल्के में न लें और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लें ताकि वक्त रहते किसी भी तरह की आशंका को क्षीण किया जा सके व समय पर उपचार प्रारम्भ होने से प्राण रक्षा हो सके।

## कुसमुंडा ब्लॉक में हुई कांग्रेस की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतर्गत सर्वमंगला मंडल कांग्रेस एवं भैरोताल मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक मंडल क्षेत्र में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में कुसमुण्डा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले दो मंडल, 6 वार्ड एवं सभी बूथों पर कार्यकारिणी गठन किये जाने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया गया तथा संगठन को और भी मजबूत बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी के नवीन गठन में किसी भी तरह की लापरवाही ना हो। जो कार्यकर्ता स्वयं आगे आकर संगठन में काम करने की इच्छा व्यक्त करे उन्हें प्राथमिकता दें तथा जो अनुभवी एवं लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए कार्य करते आ रहे हैं उनसे सुझाव एवं सलाह अवश्य लें । श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी का गठन किया जावेगा और आगे चलकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का भी पुनः गठन किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी के अलावा युवा कांग्रेस के जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी तथा महिला कांग्रेस के जिला कमेटी, ब्लॉक कमेटी तथा कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला कमेटी एवं ब्लॉक कमेटी मिलाकर 10 कमेटियां बनना है। इसलिए हर एक कार्यकर्ता को किसी न किसी कमेटी में स्थान मिलेगा जिससे कोरबा में कांग्रेस संगठन में और भी मजबूती आएगी।

### श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** अंजनी कुंज श्रीवास सामुदायिक भवन में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती ममता श्रीवास के अध्यक्षता में सावन उत्सव कार्यक्रम आयाजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थित रहीं। इस दौरान बच्चों व महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया था, सावन क्वीन अन्नापूर्णा श्रीवास व परफेक्ट सावन क्वीन श्रीमती ललिता श्रीवास को चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवपार्वती, ईष्टदेव बजरंग बली एवं सेन महराज के पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। श्रीमती ममता श्रीवास अध्यक्ष एवं महासचिव श्रीमती कौशिल्या श्रीवास उपाध्यक्ष श्रीमती चुन्नी श्रीवास, कोषाध्यक्ष श्रीमती शकुन श्रीवास, संगठन सचिव श्रीमती अन्नापुर्णा श्रीवास, सहसचिव श्रीमती अंजनी श्रीवास, सहकोषाध्यक्ष श्रीमती यशोदा श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गोकुल नगर में महिलाओं ने सावन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर कॉलोनी की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने समूहिक गीतों और लोकनृत्य की प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम में सभी ने पारंपरिक पकवानों का स्वाद भी लिया, जिससे माहौल पूरी तरह से सावन के रंग में रंग गया। सोनी शर्मा को सावन क्वीन चुना गया। आयोजन में पूजा गुप्ता, दिव्या गुप्ता, रेखा सिंह, उषा राज, अनीता चंद्रा, पुष्पा कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

### जायसवाल महिला समाज ने मनाया सावन महोत्सव, नम्रता बनी सावन क्वीन



**कटघोरा।** जायसवाल महिला समाज कटघोरा द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागी भाग लिये। जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती नम्रता जायसवाल एवं द्वितीय स्थान रुक्मणि जायसवाल चुनी गई। इसके अलावा अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, हाऊजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में श्रीमती सुनीता जायसवाल प्रथम स्थान, मीना जायसवाल द्वितीय स्थान एवं हाऊजी प्रतियोगिता में श्रीमती रंजू डिक्सेना महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रथम स्थान रही । रंजू डिक्सेना महिला ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि काफी लंबे समय से सावन महोत्सव का आयोजन की जा रही है। जिसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में डॉ शकुंतला जायसवाल, माधुरी जायसवाल, भारती जैसवाल, सुनीता जायसवाल, मुक्ता जायसवाल, पूनम जायसवाल, किरण जयसवाल, भावना जायसवाल, अर्चना डिक्सेना, रुक्मणि जायसवाल, मीना जायसवाल, रश्मि डिक्सेना, रंजू, डिक्सेना अनुपमा जायसवाल, नम्रता जायसवाल, एवं उमा जायसवाल उपस्थित रहीं।

### आदर्शनगर कुसमुंडा में मनाया गया सावन उत्सव



**गेवरा कुसमुंडा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर सामुदायिक भवन में महिलाओं ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। महिलाओं ने सावन झूले का आनंद उठाया कार्यक्रम में गीत संगीत, नृत्य की धूम रही। मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति झा, अनु झा, आरती राठौर, नीलम कुकरेजा, रानी शुक्ला, माला राय, सावित्री मनहर, अल्फा सोनी उपस्थित थे। इसके अलावा विभिन्न तरह के प्रतियोगिता, मॉडलिंग, गेम इत्यादि का आयोजन किया गया। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में प्रथम सरोज जायसवाल, द्वितीय नीला निराला, तीसरे स्थान पर उषा बारे रहीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष उमा कुमारी कोषाध्यक्ष मंजू यादव सचिव तुलेश्वरी साहू के संयोजन में आयोजित की गई। अध्यक्ष उमा कुमारी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करना है। जिससे वह अपनी कला की प्रस्तुति कर सके। रानी शुक्ला ने कहा कि मैं पहली बार इस कार्यक्रम में आई हूं उन्होंने कहा कि सावन माह का एक विशेष महत्व है।

### सेवा भारती ने पारंपरिक रुप से मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** सेवा भारती द्वारा पारंपरिक उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा के साथ सावन उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जेलर की धर्मपत्नी श्रीमती श्वेता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं श्रीमती रेखा सिंह द्वारा गणपति वंदना से किया गया। महिलाओं के लिए आयोजित इस विशेष उत्सव में पारंपरिक गीत श्रीमती शिव कुमारी साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात सेवा प्रकल्प की जानकारी श्रीमती रीता श्रीवास्तव द्वारा दी गई। स्थानीय महिलाओं, युवतियों और गृहिणियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। प्रतिभागियों ने सावन के गीतों पर नृत्य तथा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीति तिवारी तथा श्रीमती निक्की उपाध्याय द्वारा तथा आभार श्रीमती अक्षदा पुंडलिक द्वारा किया गया।

### छग महिला द्विज परिषद बालको ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** छग महिला द्विज परिषद बालको नगर द्वारा सांई मंगलम बालको में मनाया गया। जिसमें समाज के महिलाओं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें सावन क्वीन प्रथम रक्षा तिवारी, द्वितीय निशा द्विवेदी एवं तृतीय कविता पांडेय चुनी गईं। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि रश्मि शर्मा एवं मनोरमा दीवान द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिसके बाद विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का समाज के सभी सदस्यों द्वारा लुप्त उठाया गया। उक्त कार्यक्रम छत्तीसगढ़ महिला द्विज परिषद बालको के अध्यक्ष आशा तिवारी एवं सचिव रश्मि दुबे के मार्गदर्शन एवं समाज के सभी बहनों की उपस्थिति में मनाया गया। महिला द्विज परिषद के विशेष सहयोग रहा खीर प्रसाद दत्त अंजू शुक्ला एवं पवन निशा द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों एवं बच्चों को भास्कर रश्मि दुबे द्वारा उपहार भेंट किया गया ।

## युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण शिक्षा में आया सकारात्मक बदलाव, विद्यार्थियों में लौटी पढ़ाई की रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण योजना के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिलने लगे हैं। इसी कड़ी में जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के वनांचल क्षेत्र मांचाडोली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जीव विज्ञान विषय की शिक्षिका श्रीमती राजमणि टोप्पो की पदस्थापना की गई है।

विद्यालय में लंबे समय से जीव विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय की विशेषज्ञ शिक्षक की कमी महसूस की जा रही थी। पहले विज्ञान के अन्य शिक्षक ही यह विषय पढ़ाते थे, जिससे बच्चों को विषय की जटिल अवधारणाओं, संरचनात्मक चित्रों, जैविक क्रियाओं, हार्मोन, कोशिका-विज्ञान आदि को समझने में कठिनाई होती थी। विद्यालय में अब शिक्षिका राजमणि टोप्पो के आगमन से विद्यार्थियों को जीव विज्ञान विषय की बारीकियों को समझना सरल हो गया है। शिक्षिका ने कक्षा में चार्ट, मॉडल और उदाहरणों के माध्यम से जटिल विषयों को इस तरह से समझाना शुरू किया कि अब विद्यार्थी न सिर्फ रुचि लेने लगे हैं, बल्कि हर दिन कुछ नया जानने की जिज्ञासा भी उनमें बढ़ रही है। 12वीं जीव विज्ञान के छात्र दीक्षांत दास मानिकपुरी ने कहा मैडम के आने से जीव विज्ञान विषय आसान हो गया है। पहले हम कोशिका, डीएनए, आरएनए, हार्मोन जैसे शब्दों के अर्थ को समझने में उलझे रहते थे। अब शरीर की बनावट, शारीरिक अंगों के क्रियाकलाप को बेहतर समझ पा रहे है। पादप, जंतु और सूक्ष्म जीवों के सरंचनाओं की समझ बढ़ी है। अब हम उन्हें समझने की कोशिश करते हैं।

*कोरबा। भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक का अयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में किया गया।

## कोरबा मार्केट


गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998


### शपथ पत्र

मैं श्रीमती मनीषा अनंत फुलझेले उम्र 48 वर्ष पति श्री अनंत कुमार फुलझेले निवासी मकान क 161 मनंत विला पुष्कर क्लीनिक के सामने पानी टंकी के पास कोसाबाडी कोरबा तह व जिला कोरबा छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्व कथन करती हूँः-

1. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम मनीषा सुरेश वाघमारे पिता स्व सुरेश तुलसीराम वाघमारे निवासी आमगांव जिला गोदिंया महाराष्ट्रा था। 2. यह कि मेरा वर्ष 21/12/1997 को अनंत कुमार फुलझेले निवासी मकान क 161 मनंत विला पुष्कर क्लीनिक के सामने पानी टंकी के पास कोसाबाडी कोरबा तह व जिला कोरबा छ.ग के साथ हिन्दु रीतिरिवाज के अनुसार विवाह हो गया हैं तथा विवाह पश्चात मैं अपने पति के साथ स्थायी रुप से निवासरत हूँ। 3. यह कि मनीषा सुरेश वाघमारे पिता स्व सुरेश तुलसीराम वाघमारे तथा श्रीमती मनीषा अनंत फुलझेले पति श्री अनंत कुमार फुलझेले दोनो नाम एक ही महिला के नाम है अर्थात मेरे स्वयं के नाम है। 4. यह कि विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमती मनीषा अनंत फुलझेले उम्र 48 वर्ष पति अनंत कुमार फुलझेले निवासी मकान क्र. 161 मनंत विला पुष्कर क्लीनिक के सामने पानी टंकी के पास कोसाबाडी कोरबा तह. व जिला कोरबा छ.ग. हो गया है तथा मुझे अब इसी नाम से जाना पहचाना जाता हैं जो कि सत्य एवं सही है। 5. यह कि यह शपथपत्र उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित विभाग/ कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
श्रीमती मनीषा अनंत फुलझेले


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो जिला मंत्री तीर्थ से वापस लौटे, श्रद्धालुओं का किया स्वागत

**हरदीबाजार।** बोल बम कांवरिया रेकी से मनोबोध पटेल, राजकुमार यादव, राजकुमार पांडों पटेल, राजू पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, जयप्रकाश पटेल, विजय पटेल सभी श्रद्धालुओं ने सावन पर्व पर बाबा कांशी विश्वनाथ, बाबा बुद्ध सार्थ नाथ, बाबा गोरखनाथ, बाबा पशुपति नाथ, दर्शन करने के बाद सुलनगंज से जल ले कर बाबा बैद्यनाथ बाबा बासुकीनाथ दर्शन करने के बाद हरदीबाजार आगमन पर सभी श्रद्धालुओं को श्री फल एवं भगवा गमछा भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अगहन लाल पटेल, अनुराग सिंह, काव्यांश सिंह, प्रिंस पटेल उपस्थित थे।

### सिरली उद्यान में उइके ने किया पौधारोपण



**कोरबा।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिरली उद्यान में नींबू पौधा का रोपण कर जनजाति सलाहकार परिषद के सदस्य रघुराज सिंह उइके ने हरियाली को बढ़ाने का संकल्प लिया है और लोगों को पौधरोपण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार गांव में खुशहाली, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य संदेश लेकर आता है। इस मौके पर उन्होंने गांव को और भी हरा – भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। यह संकल्प न केवल गांव की सुंदरता बढ़ाएगा बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में मदद करेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य चन्द्रपाल पटेल समेत ग्राम के लोग मौजूद रहे।

### संजय उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित



**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास स्थान परिसर में प्रदेशभर के उन भाजपा नेताओं का सम्मान किया गया, जो सदस्यता अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हुए दिए गए लक्ष्य के तहत नए सदस्य बनाकर प्रदेश में 40 लाख सदस्यता लक्ष्य को हासिल करने में अपनी-अपनी भूमिका निभाई। पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में जिला भाजपा उपाध्यक्ष संजय भावनानी को भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय के हाथों उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री भावनानी ने मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों का आभार जताया।

### दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी फेस 1 समिति का गठन



**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी फेस -1 की सामान्य बैठक कोसाबाड़ी दशहरा मैदान स्थित पूजा कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में वर्ष 2024 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विवेक पांडेय पुनः अध्यक्ष चुने गए हैं। साथ ही उन्हें पूजा समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके अलावा इस बैठक में वर्ष 2025 में दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के लिए आवश्यक चर्चा की गई। बता दें कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी फेस वन शहर की सबसे बड़ी पूजा समिति है। हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पंडाल आकर्षक ढंग से बनाया जाएगा। डांडिया गरबा समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शहरवासियों को आकर्षित करेंगे। इस बैठक में समिति के संरक्षक अशोक तिवारी, सीएस ठाकुर, विवेक पांडेय, रामनरेश दुबे, केएम बाबू, रामकुमार साहू, गोरे लाल राठौर, रूपेश शर्मा, अंकित तिवारी, अमित पटेल, पवन सिन्हा समेत बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी पूजा समिति के मीडिया प्रभारी दीपक साहू ने दी।

### 355.65 मीटर भरा हुआ है बांगो बांध में पानी

# पिछले साल की तुलना में बांगो बांध में 5 मीटर पानी ज्यादा, हाइडल की बढ़ाई गई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। जिसके चलते अगस्त के शुरुआती दिनों में ही बांगो बांध लबालब होने के करीब पहुंच चुका है। पिछले साल की तुलना करें तो बांगो बांध में लगभग 5 मीटर पानी ज्यादा भरा हुआ है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 77 फीसदी पहुंच चुका है जिसके चलते बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 2 घंटे से बढ़ाकर 7 घंटे कर दी गई है और हसदेव नदी में 875 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है।

**खास बात**

- 7 घंटे हाइडल प्लांट को संचालित कर 875 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हसदेव नदी में



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गर्मी के दिनों में बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से गिर गया था और वाटर लेवल लगभग 25 फ़ीसदी जा पहुंचा था जिससे जल संसाधन विभाग के अफसरों को चिंता सताने लगी थी लेकिन इस बार मानसून ने भरपूर साथ दिया और शुरुआती दिनों से ही झमाझम बारिश हो रही है। बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है जिसके चलते वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ते ही जा रहा है। वर्ष 2024 में 3 अगस्त को बांगो बांध का वाटर लेवल 350.73 फीसदी था जो कुल जलभराव का 60 फ़ीसदी पानी हैं जबकि इस वर्ष 3 अगस्त को बांगो बांध का वाटर लेवल 355.65 मीटर है जो कुल जलभराव का 77 फ़ीसदी पानी है। मौजूदा स्थिति में लगातार बांगो बांध में पानी आ रहा है जिसके चलते बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 7 घंटे कर दी गई है और हाइडल प्लांट से 875 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अफसरों की माने तो आने वाले दिनों में पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा और आसपास क्षेत्र से किसानों की डिमांड यदि पानी के लिए आती है तो हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी और किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा।

**बांध को भरने में नहीं लगेगा ज्यादा वक्त**

वर्ष 2024 में बांगो बांध लबालब हो गया था और हाइडल प्लांट को पूरे रफ्तार से चलाया गया था लेकिन इसके बाद भी बांध का वाटर लेवल मैनेज नहीं होने पर बांध के गेट खोलने की नौबत आ गई थी। इस बार भी कुछ ऐसे ही नजर आ रहा है। अभी अगस्त का महीना शुरू हुआ है और बांध लगभग आधे से अधिक भर चुका है। बांध को भरने में महज 22 फ़ीसदी ही शेष है। मौजूदा स्थिति में बांध लगभग 77 फ़ीसदी भर चुका है यदि इसी रफ्तार से पानी बांगो बांध में आता रहा तो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। हालांकि जिस तरह से पानी आ रहा है इसे लेकर जल संसाधन विभाग ने निचली बस्तियों में पहले ही अलर्ट जारी कर दिया है और हाइडल प्लांट की रफ्तार भी बढ़ा दी है।

## नशे में धुत भाई पर बड़े भाई ने किया डंडे से हमला, मौत, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशे में धुत्त छोटा भाई अपने बड़े भाई के साथ गाली गलौच कर रहा था। कई बार बड़े भाई ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह नशे में चूर था और अपने बड़े भाई के साथ गाली गलौच कर रहा जो बात उसे नागवार गुजरी और आवेश में आकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर डंडे से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के मामले में पुलिस ने बड़े भाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोडार निवासी राम सिंह कोर्राम उम्र 42 साल पिता समारू सिंह कोर्राम ने अपने छोटे भाई तूल सिंह कोर्राम उम्र 30 साल पिता समारू सिंह कोर्राम की डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी थी। हत्या की सूचना पर पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव दल बल सहित मौके पर पहुंचे और वैधानिक कार्यवाही विवेचना किया गया और हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी राम सिंह कोर्राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## भोलेनाथ का श्रृंगार....



कोरबा। सावन महीने में दर्री रोड निवासी युवती द्वारा भोलेनाथ के श्रृंगार के कई रुपों की रंगोली बनाई गई। रविवार के दिन भोलेनाथ का श्रृंगार सफेद चंदन से राम नाम लिखकर किया गया।

## आईपीएस अधिकारी का रिश्तेदार बताकर ठगी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक युवक से ठगी की कोशिश हुई है। युवक मनोज यादव के पास एक संदिग्ध फोन आया। कॉलर ने खुद को आईपीएस अधिकारी उदय किरण का करीबी रिश्तेदार बताया। उसने अपने को रायपुर में सीआरपीएफ का कमांडो भी बताया। ठग ने कहा कि उसका ट्रांसफर हो गया है और वह अपना फर्नीचर और अन्य सामान बेचना चाहता है। उसने व्हाट्सएप पर फोटो और रेट भेजने की बात कही। फोन पर बात करने का आग्रह भी किया। रिपोर्टर के ज्यादा सवाल-जवाब करने पर है अलर्ट हो गया और फोन-मैसेज करना बंद कर दिया। थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की बात कही है। वहीं, पुलिस ने ऐसे कॉल से लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। ठग ने दो दिन पहले फेसबुक पर अंग्रेजी में मैसेज किया था। उसने नाम, पता और हालचाल पूछा था। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। ठग गिरोह फोन कर ओटीपी, लिंक और अन्य झांसे देकर लोगों को शिकार बनाते हैं। इसकी शिकायत साइबर सेल से की जा चुकी है। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि वर्तमान में कोई ठगी का मामला सामने नहीं आया है। लेकिन पहले कई बार ऐसे मामले आ चुके हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# सोशल ऑडिट में ग्राम पंचायतों में संपत्तिकर और स्वच्छता अभियान की बनी रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिला पंचायत की ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को लेकर होने वाले सोशल ऑडिट के दौरान होने वाले ग्राम पंचायत की बैठकों में बड़ी ग्राम पंचायतों में संपत्तिकर वसूली और स्वच्छता अभियान चलाये जाने की रुपरेखा तैयार हो चुकी है।

**खास बातें**

- ग्राम सभा में भी स्वच्छता और संपत्तिकर का प्रस्ताव हो चुका है पारित
- जनपद पंचायतों से जिला पंचायत की बैठकों में भी उठा है मुद्दा

जनपद से लेकर जिला पंचायतों की बैठक में भी इस पर चर्चा होने के साथ निर्देश भी जारी हुए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ओडीएफ की घोषणा हुई है उसके बाद अभियान ठप्प हो गया था। खुले में शौच मुक्त होने का प्रमाण पत्र भी ग्राम पंचायतों को मिला किंतु उसकी हकीकत कोसों दूर है। ओडीएफ को लेकर ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम सभा में पंचायत प्रतिनिधियों ने भी नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही सुशासन तिहार अंतर्गत जिस तरह से शौचालय निर्माण को लेकर बड़ी संख्या में आवेदन मिले उससे ओडीएफ पंचायतों की पोल खुल गई और अब इसे लेकर ग्राम पंचायतों में चल रहे सोशल ऑडिट के दौरान यह बात भी प्रमुखता से सामने आ रही है कि सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए और संपत्तिकर वसूलने जैसे लागू प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए। इन दोनों मुद्दों पर ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित भी हो चुका है किंतु पंचायत प्रतिनिधि इसे लागू करने को लेकर रुचि नहीं दिखाते। यही कारण है कि राज्य सरकार के संपत्तिकर वसूली अभियान और केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत होने वाले कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। जिनपर अब सक्रियता से कार्य करने के लिए रुपरेखा बनी हुई है।

**कॉलोनियां भी बनाई गई हैं**

ग्राम पंचायतों में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा कॉलोनियों का भी निर्माण किया गया है। जिनमें कटघोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जेंजरा और जनपद कोरबा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमीपाली, उरगा ये तीन बड़ी ग्राम पंचायतें हैं जिनके अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड ने अपनी कॉलोनी बनाकर उनकी बिक्री भी की है। इस कॉलोनी से तीनों ग्राम पंचायतों को अधोसंरचना के रुप में मिलने वाली संपत्तिकर न तो कॉलोनीवासी दे रहे हैं और न ही हाउसिंग बोर्ड देने में रुचि रख रहा है।

**तेजी से तैयार हुए व्यवसायिक प्रतिष्ठान**

जिले के प्रमुख मार्गों से लगी बड़ी ग्राम पंचायतें जिनकी आबादी 3 हजार से अधिक हो चुकी है ऐसी ग्राम पंचायतों में पिछले कुछ वर्षों से तेजी से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण हुआ है जो ग्राम पंचायतें कभी ग्रामीण स्वरुप लिए हुए होती थी आज वह कस्बायी संस्कृति की हो गई है। बड़े व्यवसाय प्रतिष्ठान होने के बाद भी ग्राम पंचायतों को संपत्तिकर के रुप में होने वाला आर्थिक लाभ नहीं हो पा रहा है।

# आप की बैठक में संगठन के विस्तार पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आम आदमी पार्टी जिला इकाई की बैठक पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जहां बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज दुबे व सरगुजा लोकसभा सचिव लोह कुमार शामिल हुए। इस जिला स्तरीय बैठक में कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र से तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में की फीसदी साबित हो रही है। 10 हजार स्कूल बंद करके अब राज्य सरकार शिक्षित बनाने की बजाय बच्चों को केवल साक्षर बनाने में तूली हुई है। इसका दूरगामी परिणाम सामने आएगा ।सभी कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगे गए। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री आनंद सिंह, कोरबा लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा ,सचिव शत्रुघन साहू,उपाध्यक्ष भूषण कुर्रे, कोषाध्यक्ष लहना सिंह ,जिला अध्यक्ष (शहर) संतोष यादव, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) जग़लाल राठिया ,जिला सचिव रिचर्ड लोगन ,कोसा अध्यक्ष सोमराज, यूथ विंग जिला अध्यक्ष आजाद बख्श, महिला जिला विंग अध्यक्ष अनु राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सोशल मीडिया प्रभारी नियाज खान ,कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष सपन सिंह बहादुर ,ज्योति प्रकाश नाथ ,शालिनी बादोदकर ,वामन बड़ोंड़कर संतोष कुमार ग़बेल, प्यारी लाल राठिया, कोलेश्वर यादव, मछिंद्र रतिया, गुरुवार सिंह बघेल ,प्रीतम दास महात, परदेसी चौहान ,सुंदरलाल रतिया ,विजय रतिया ,रवि लाल चौहान ,हरदेव सिंह टेकाम, कन्हैया राठौर, लंबोदर भट्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में सजा राखी का बाजार

# रक्षाबंधन पर बनेगा सौभाग्य योग का विशेष संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व 9 अगस्त को लगभग सात घंटे बहने अपने भाई की कलाई में रेशम के धागे बांध सकेंगे। इस बार रक्षाबंधन पर्व पर सर्वार्थ सिद्धि और सौभाग्य योग का विशेष संयोग बन रहा है, जो अत्यंत शुभ और फलयादी बना रहा है। पर्व को लेकर भाई और बहनों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



फाइल फोटो

सावन माह की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। पूर्णिमा तिथि आठ अगस्त से 2.12 बजे शुरू होगी, नौ अगस्त की दोपहर 1.52 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार रक्षाबंधन पर्व उदयातिथि के अनुसार मनाया जाता है। इस कारण रक्षाबंधन पर्व नौ अगस्त को मनाया जाएगा। शुभ मुहूर्त सूर्योदय के साथ ही सुबह 5.47 बजे से प्रारंभ हो जाएगा, जो पूर्णिमा तिथि समाप्त होने तक जारी रहेगी। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि और सौभाग्य योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान नारायण की विशेष आराधना की जाएगी। बहन अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाएंगी और कलाई में रक्षासूत्र बांधकर आरती कर दीर्घायु की कामना करेंगी। वहीं भाई अपने बहनों को रक्षा का वचन देंगे। इस बार भद्रा का साया नहीं रहेगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि उदयातिथि के अनुसार रक्षाबंधन पर्व नौ अगस्त को मनाया जाएगा, इस दिन कई योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। यह लोगों के लिए विशेष फलदायी होगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि अक्सर पूर्णिमा पर भद्रा का प्रभाव रहता है। इससे पर्व में विलंब होता है। इस वर्ष रक्षाबंधन से एक दिन पहले ही भद्रा का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। पर्व निर्विघ्न रूप से मनाया जा सकेगा। भद्रा का प्रभाव आठ अगस्त को पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होने के साथ रहेगा, जो आठ और नौ अगस्त की मध्य रात्रि 1.24 बजे तक रहेगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

